# ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र का लक्ष्य प्राप्त करेंगे



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 12 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारा देश बदलाव के दौर से गुजर रहा है. हर तरफ विकास की बयार है. गांव-गांव तक सरकार की योजनाओं की जानकारी और विकास कार्यक्रमों का लाभ पहुंच रहा है**

गांव और ग्रामीण ही देश के विकास की धुरी है. इनकी मजबूती में ही देश की मजबूती है. मुख्यमंत्री ने कहा कि जनअभियान परिषद शासन और समाज के बीच एक सेतु की भूमिका में है. सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में जनअभियान परिषद का योगदान नि:संदेह सराहनीय है. उन्होंने कहा कि सबके समन्वित प्रयासों से हम ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र का लक्ष्य प्राप्त करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र जन अभियान परिषद द्वारा 12 से 26 जनवरी तक प्रदेश में आयोजित किये जा रहे ग्राम विकास पखवाड़े के राज्यस्तरीय उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया.

### ग्राम विकास के लक्ष्य को पूरा करने में मदद करेंगे

वरिष्ठ विधायक एवं भोपाल प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि गांव ही हमारी आत्मा है और हमें मिलजुलकर इसे मजबूत बनाना है. स्वामी विवेकानंद जी ने भारतीय दर्शन को दुनिया तक पहुंचाया. प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के विकास का सपना देखा है, हम सबको मिलजुलकर यह सपना पूरा करना है. सरकार सबके हित में काम कर रही है, उसे नीचे तक ले जाने की आवश्यकता है. उन्होंने आशा व्यक्त की कि जन अभियान परिषद् सरकार का सहयोगी बनकर, सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों एवं विकास कार्यक्रमों को गांव-गांव तक लेकर जाएंगे और ग्राम विकास के सरकार के लक्ष्य को पूरा करने मदद करेंगे.

# अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी : देश-विदेश के विद्वान करेंगे मंथन



**उज्जैन, 12 जनवरी. मध्यप्रदेश के विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर की नगरी उज्जैन में 15 जनवरी को श्री महाकाल महोत्सव के अंतर्गत शिव तत्व और श्री महाकाल पुरातिहास, साहित्य और संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में केंद्रित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जाएगी.**

आधिकारिक जानकारी में बताया कि वीर भारत न्यास एवं श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा 14 से 18 जनवरी तक आयोजित किए जा रहे श्री महाकाल महोत्सव में दस से अधिक देशों और भारत के बारह से अधिक राज्यों के विद्वान विषय के विविध पक्षों पर प्रकाश डालेंगे. इन देशों में मॉरीशस, नीदरलैंड, फिजी, यूएसए, यूके, आयरलैंड, नॉर्वे, स्वीडन, थाईलैंड, श्रीलंका और नेपाल आदि सम्मिलित हैं. संगोष्ठी में उत्तरप्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, केरल, राजस्थान, गुजरात, पंजाब, मध्यप्रदेश, बिहार और हिमाचल प्रदेश आदि राज्यों के विशेषज्ञ विद्वान सम्मिलित होंगे.

# नेतृत्व पीढ़ी तैयार करने कांग्रेस की पहल

## प्रदेश में महत्वाकांक्षी 'टैलेंट हंट' कार्यक्रम की शुरुआत

आशीष कुर्ल

**भोपाल, 12 जनवरी. संगठन को मजबूत करने और नई नेतृत्व पीढ़ी को आगे लाने के उद्देश्य से कांग्रेस पार्टी ने मध्य प्रदेश में महत्वाकांक्षी 'टैलेंट हंट' कार्यक्रम की शुरुआत की है.**

इस पहल का मकसद उन समर्पित लेकिन अपेक्षाकृत उपेक्षित कार्यकर्ताओं को पहचानना है, जिन्होंने वर्षों तक संगठन के लिए काम किया, परंतु अब तक मुख्यधारा में स्थान नहीं पा सके. पार्टी सूत्रों के अनुसार, यह कार्यक्रम जमीनी स्तर पर सक्रिय ऐसे नेताओं पर नजर रखने के लिए बनाया गया है, जो लंबे समय से संगठन के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन पीछे की पंक्ति में रह गए हैं. 'टैलेंट हंट' के माध्यम से इन कार्यकर्ताओं की क्षमता का आकलन किया जाएगा. सफल प्रतिभागियों को संगठन में महत्वपूर्ण भूमिकाएं सौंपे जाने की संभावना है. इस प्रक्रिया के तहत एक उच्चस्तरीय टीम शीघ्र ही भोपाल का दौरा कर सकती है. इस टीम में वर्तमान कांग्रेस सांसद सप्तगिरी उल्के, पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह और राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल यादव शामिल बताए जा रहे हैं. . ये नेता पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे और 'टैलेंट हंट' कार्यक्रम में भाग लेने वाले संभावित उम्मीदवारों का चयन करेंगे. चयनित कार्यकर्ताओं को जिला, प्रदेश और यहां तक कि राष्ट्रीय स्तर पर नई जिम्मेदारियां सौंपी जा सकती हैं.

कांग्रेस नेतृत्व की विशेष प्राथमिकता जिला स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने की है. इसी रणनीति के तहत प्रदेश के प्रत्येक जिले में नए पार्टी प्रवक्ताओं की नियुक्ति किए जाने की तैयारी है, जिसे संगठनात्मक और पीढ़ीगत बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है. इस संबंध में प्रतिक्रिया देते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी डॉ. मुकेश नायक ने कहा कि 'टैलेंट हंट' कार्यक्रम कम से कम अगले छह माह तक जारी रहेगा और आवश्यकता पड़ने पर इसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है. उन्होंने कहा, उद्देश्य बिल्कुल स्पष्ट है-सही व्यक्ति को सही जिम्मेदारी देना, जो आने वाली राजनीतिक चुनौतियों से निपटने के लिए संगठन को और अधिक मजबूत बनाएगा.

# बिजली लाइनों से दूर पतंग उड़ाने की अपील

**भोपाल.** मकर संक्रांति के त्योहार को देखते हुए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आमजन से अपील की है कि पतंगबाजी बिजली की लाइनों, ट्रांसफार्मरों और पोल से दूर करें. कंपनी ने कहा कि पतंग और उनके धागों के कारण बिजली लाइनों में फॉल्ट हो सकता है, जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित होने के साथ-साथ हादसों का भी खतरा बना रहता है. कंपनी के अनुसार पतंग उड़ाने में उपयोग होने वाले धागे और बांस की कीमची बिजली की लाइनों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकते हैं. लोगों से आग्रह किया गया है कि पतंगबाजी करते समय पूरी सावधानी बरतें और बिजली लाइनों, ट्रांसफार्मरों तथा पोल से सुरक्षित दूरी बनाए रखें.

# मध्यप्रदेश में कड़ाके की ठंड और कोहरा

## 04 दिन तक राहत के आसार नहीं

**भोपाल, 12 जनवरी. मध्य प्रदेश में इन दिनों कड़ाके की ठंड के साथ-साथ घने कोहरे का दौर लगातार जारी है.**

सोमवार सुबह भी प्रदेश के कई जिलों में घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई और बर्फीली हवाओं ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया. मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले चार दिनों तक ठंड और कोहरे की यही स्थिति बनी रहने की संभावना है. प्रदेश के अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया जा रहा है. बीते दो दिनों से दिन में धूप निकलने से



लोगों को कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन रात होते ही ठंड का कहर फिर से शुरू हो जाता है. सुबह और देर शाम ठिठुरन बढ़ने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है.

ग्वालियर-चंबल संभाग के जिलों में ठंड का सबसे ज्यादा असर देखने को मिल रहा है. ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुर और दतिया में सुबह से लेकर शाम तक सिहरन बनी रही.

शहडोल जिले के कल्याणपुर में प्रदेश का सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि राज्य के प्रसिद्ध हिल स्टेशन पचमढ़ी में तापमान 5.8 डिग्री सेल्सियस रहा. मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा. अधिकतम तापमान में किसी भी संभाग में विशेष परिवर्तन नहीं देखा गया. भोपाल संभाग के जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस तक अधिक रहा.

## एक नजर में

### कोर्ट से आरोपी फरार मामला दर्ज, दो निलंबित

शहडोल. जिले के सोहागपुर थाने के आरोपी अमरजीत बैगा के सोमवार दोपहर शहडोल कोर्ट परिसर से फरार होने के मामले में शहडोल कोतवाली थाने में अपराध दर्ज कर लिया गया है. घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया. दोनों आरक्षक हनुमान सिंह और मनोज बैगा की सूचना पर शाम शहडोल पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने दोनों आरक्षकों को लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया तथा पूरे मामले की जांच के आदेश जारी किए हैं. सूत्रों के अनुसार घटना के समय दोनों आरक्षक मोबाइल पर बातचीत में व्यस्त थे, इसी दौरान आरोपी अमरजीत बैगा मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया.

### पेयजल में लापरवाही को लेकर दो निलंबित

मुरैना. मध्यप्रदेश के इंदौर में दूषित पानी पीने से हुए बड़े हादसे के बाद मुरैना नगर निगम के जलकर विभाग को दूषित पानी की शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए दिए गए निर्देशों की अवहेलना करने पर जलकर विभाग के दो जलकर उपनिरीक्षकों को निलंबित कर दिया गया. उपनिरीक्षक राज किशोर दंडोतिया और कमरुद्दीन खान को नगर निगम आयुक्त ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. आधिकारिक जानकारी के अनुसार कलेक्टर मुरैना ने नगर निगम को दूषित पानी की सप्लाई की शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करने ओर पानी के सैंपल लिए जाने के निर्देश दिए थे.

# रेल मंत्री ने पश्चिम मध्य रेल को किया सम्मानित

**भोपाल, 12 जनवरी. पश्चिम मध्य रेल को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 70वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2025 के अंतर्गत दो प्रतिष्ठित शील्ड प्रदान की गई हैं.**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (यशोभूमि), द्वारका में आयोजित भव्य समारोह में पश्चिम मध्य रेल को ओवरऑल दक्षता शील्ड (गोविन्द बल्लभ पंत) एवं बिक्री प्रबंधन शील्ड से सम्मानित किया. ओवरऑल दक्षता शील्ड पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय एवं अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री ने प्राप्त की, जबकि बिक्री प्रबंधन शील्ड महाप्रबंधक



शोभना बंदोपाध्याय एवं प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता को प्रदान की गई. सोमवार को पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने इस उपलब्धि पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी. स्टोर विभाग सहित सभी विभागों के समर्पण, नवाचार एवं टीमवर्क की सराहना की और भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए पश्चिम मध्य रेल को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का आह्वान किया.


पश्चिम मध्य रेल को यह सम्मान पिछले एक दशक में पूंजीगत व्यय में निरंतरता, स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच 4.0' का सफल क्रियान्वयन, अधोसंरचनात्मक विकास, वंदे भारत ट्रेन सेवाओं के स्पीड ट्रायल, ऊर्जा प्रबंधन, नई रेल लाइनों, दोहरीकरण-तिहरीकरण, स्टेशन पुनर्विकास, यात्री सुविधाओं के विस्तार, स्क्रैप बिक्री एवं तकनीकी नवाचार के लिए प्रदान किया गया है. इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी, मंडल रेल प्रबंधक सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे.

# स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है : शुक्ल

**भोपाल 12 जनवरी. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है.**

हम स्वस्थ एवं प्रसन्न रहेंगे तो अपने लक्ष्यों की पूर्ति आसानी से हो सकेगी. जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो तब तक अनवरत अपने कार्य में लगे रहना चाहिए. उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल कर स्वस्थ रहा जा सकता है और बीमारियाँ कोसों दूर रहेंगी.

उन्होंने युवाओं से अपील की कि स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर मनाये जा रहे राष्ट्रीय



युवा दिवस में अपने भीतर की ऊर्जा का सदुपयोग समाज एवं देश के हित में करें और देश को विश्व गुरू बनाने में योगदान दें.

# कैडर रिव्यू औपचारिक, विवेकाधीन नहीं, अनिवार्य दायित्व है

▶ केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण का महत्वपूर्ण आदेश

**जबलपुर. केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण की युगलपीठ ने अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि कैडर रिव्यू कोई औपचारिक या विवेकाधीन नहीं है. केंद्र और राज्य सरकार का अनिवार्य दायित्व है.**

इस दायित्व के निर्वहन में हुई देरी को प्रशासनिक उदासीनता व निष्क्रियता के आधार पर उचित नहीं ठहराया जा सकता. ट्रिब्यूनल ने अपने आदेश में केंद्र सरकार और राज्य सरकार को अतिरिक्त कैडर रिव्यू की प्रक्रिया 120 दिन में पूर्ण करने के आदेश जारी किये है. मध्य प्रदेश पुलिस एसोसिएशन द्वारा दायर आवेदन में कहा गया था कि भारतीय पुलिस सेवा (कैडर) नियम, 1954 के तहत प्रत्येक पाँच वर्ष में कैडर रिव्यू किया जाना अनिवार्य है. पिछले लगभग दो दशकों से यह प्रक्रिया लगातार विलंब की जाती रही. इस देरी के कारण राज्य पुलिस सेवा के अनेक पात्र अधिकारी पदोन्नति व इंडक्शन के अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित हो रहे हैं. याचिका में कहा गया था कि यदि इसी प्रकार देरी जारी रही तो कई अधिकारी 56 वर्ष की आयु सीमा पार कर जाएंगे और इंडक्शन का अवसर हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगा.

# फरार भाजपा नेता पकड़ाया

## 05 माह से था फरार

**जबलपुर. बरगी पुलिस ने चाकूबाजी में फरार चल रहे भाजपा नेता को गिरफ्तार किया है. आरोपी 5 माह से फरार चल रहा था पकड़े गए आरोपी के कब्जे से स्कॉर्पियो भी जप्त की गई है.**

विदित हो कि 17 अगस्त 2025 को घमापुर में रहने वाले शरद यादव का जन्मदिन था. एसएसबी रिसोर्ट में पार्टीके दौरान भाजयुमो नेता राकेश उर्फ गोलू आर्मो ने साथी अंकित पटेल, राजेंद्र पटेल, बाबू, संगम के साथ चाकू, फरसा से आशुतोष व अन्य पर हमला किया था. फरार भाजयुमो मंडल अध्यक्ष राकेश उर्फ गोलू आर्मो को पुलिस ने अब गिरफ्तार किया है.

# गला दबाकर की महिला की हत्या

**जबलपुर. पनागर थाना क्षेत्र के ग्राम मुडिया बाईपास में नहर किनारे एक लापता महिला का शव पड़ा मिला. महिला के गले में चोट के निशान हैं.**

सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पीएम के लिए भेज हर एंगल पर जांच पड़ताल शुरू की. पुलिस का कहना है कि गला दबाकर महिला की हत्या की गई है. मृतिका सुलोचना बाई धुर्वे 30 वर्षीय की हत्या किसने और किन कारणों से की है इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है, मामले की जांच पड़ताल जारी है.

# गौ-रक्षा के नाम पर जनता से विश्वासघात

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 12 जनवरी. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोमवार को भाजपा और राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने गौ-रक्षा के नाम पर प्रदेश की जनता के साथ सबसे बड़ा विश्वासघात किया है.**

भोपाल में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पटवारी ने कहा कि जो लोग स्वयं को 'गौ-रक्षक' बताते हैं, वही वास्तव में गौ-हत्या, मांस व्यापार और उससे जुड़ी गातिविधियों में शामिल हैं.

पटवारी ने दावा किया कि भाजपा नियंत्रित नगर निगम के अधीन संचालित भोपाल स्लॉटर हाउस में बड़ी मात्रा में गौ-मांस के अवशेष पाए गए हैं, जिससे भाजपा और सत्तारूढ़ दल के दावों की पोल खुलती है. उन्होंने आरोप लगाया



पटवारी ने भाजपा और राज्य सरकार पर हमला बोला

कि गौ-मांस पर शून्य प्रतिशत कर लगाया जाना भाजपा की मांस व्यापार में संलिप्तता को दर्शाता है. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विदेशी देशों को मांस निर्यात, जिसमें हलाल मांस भी शामिल है, के लिए प्रमाण-पत्र जारी किए गए हैं और इससे जुड़े दस्तावेज सार्वजनिक क्षेत्र में उपलब्ध हैं.

शासन- प्रशासन की विफलताओं का उल्लेख करते हुए पटवारी ने इंदौर नगर निगम की गौशालाओं में गायों की मौत और दूषित पेयजल से नागरिकों की मौत की घटनाओं को प्रशासनिक पतन का उदाहरण बताया.

कांग्रेस ने भोपाल स्लॉटर हाउस मामले की उच्चस्तरीय जांच, इंदौर की गौशालाओं में हुई गायों की मौत की न्यायिक जांच, गौ-मांस पर शून्य जीएसटी नीति को वापस लेने तथा प्रदेश की गौशालाओं और आवारा पशुओं की स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की.


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला धार (म.प्र.)

फोन - 07292-234702, Email-modgmdha@mp.gov.in

पत्र क्रमांक/31/ खनिज / 2025-26 धार दिनांक 08/01/2026

(म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 ( 1 - क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए)

द्वितीय सूचना

यह सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्रीजी इन्टरप्राईजेस प्रो. देवेन्द्र पाटीदार निवासी कुक्षी तहसील कुक्षी जिला धार म.प्र. के द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईल आवेदन पत्र दिनांक 26/11 / 2025 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक 3501 / खनिज / 2025-26 दिनांक 28/11/2025 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुनः दिनांक 20-01-2026 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई - खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेगे ।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | पैकी रकबा हैक्टर में | भूमि का प्रकार शासकीय / निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धार | कुक्षी | कुडर्दिगपुरा | 34/1 | 4.000 | शासकीय भूमि | पत्थर / गिट्टी मुरम एम- सेण्ड | |
| | | | कुल रकबा | 4.000 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदको से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक ( कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक ) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है ।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदको के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एंव प्राप्त सभी आवेदन पत्रो को म.प्र. गौण खनिज नियमावली 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा ।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व में प्रेषित अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रो का म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एंव द्वितीय प्रकाशित विज्ञिप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रो को विचार में नही लिया जाएगा ।

जिला खनि अधिकारी
खनिज शाखा
कार्यालय कलेक्टर जिला धार

G24259/25



## कार्यालय मुख्य अभियंता,लोक निर्माण विभाग इंदौर, परिक्षेत्र इंदौर गायत्री मंदिर के पास, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म. प्र. )

ई-मेलः cepwdwest@mp.nic.in / दूरभाषः 0731-2491825

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 11 / सा. / 40 / निविदा / 2025-26 इंदौर, दिनांक 08/01/2026

'निविदा आमंत्रण सूचना '

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा तीन लिफाफा पद्धति में आमंत्रित की जाती है, उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है:-

| क्रं | पोर्टल क्रमांक | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित राशि रू. लाख में | अमानत राशि रू. में | निविदा प्रपत्र की राशि रू. में | कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_PWDRB _473638 | इंदौर | चन्द्रवतीगंज से पोटलोद खेड़ी बलगारा दयाखेड़ी चितौड़ा का 2-लेन उन्नयन कार्य मार्ग लम्बाई 16.20 कि.मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित। | 3205.89 | 1602945/- | 50000/- | 14 माह वर्षाकाल सहित। |
| 2. | 2025_PWDRB _473639 | इंदौर | काकरिया बोरडिया से जमूड़ी सरवर जिंदाखेड़ा पलकाकरिया मार्ग लम्बाई 09.00 कि.मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित। | 1099.14 | 1000000/- | 30000/- | 12 माह वर्षाकाल सहित। |
| 3. | 2025_PWDRB _473640 | इंदौर | लालखेड़ा कयस्थखेड़ी खण्डेलवाल गोदाम बायपास मार्ग लम्बाई 04.00 कि.मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित। | 782.30 | 782300/- | 20000/- | 12 माह वर्षाकाल सहित। |
| 4. | 2025_PWDRB _473642 | इंदौर | अजनोद से पालकाकरिया बालौदा टाकुन मार्ग लम्बाई 07.20 कि.मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित। | 772.69 | 772690/- | 20000/- | 12 माह वर्षाकाल सहित। |
| 5. | 2025_PWDRB _473644 | इंदौर | पुवार्डा हैप्पा से हतुनिया मार्ग लम्बाई 05.50 कि.मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित। | 652.13 | 652130/- | 20000/- | 12 माह वर्षाकाल सहित। |
| 6. | 2025_PWDRB _473645 | अलिराजपुर | कडवानिया से गुजरात सीमा तक मार्ग लम्बाई 06.50 कि.मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित। | 866.76 | 866760/- | 20000/- | 12 माह वर्षाकाल सहित। |
| 7. | 2025_PWDRB _473646 | खरगोन | बाड़ी मुलथान गोगावां घुघरियाखेड़ी रूपखेड़ा मार्ग लम्बाई 38.72 कि.मी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य। | 878.74 | 878740/- | 20000/- | 05 माह वर्षाकाल सहित। |
| 8. | 2025_PWDRB _473647 | खरगोन | ठीकरी मार्ग का विशेष मजबूतीकरण कार्य मार्ग लम्बाई 34.40 कि.मी.। | 777.89 | 777890/- | 20000/- | 05 माह वर्षाकाल सहित। |
| 9. | 2025_PWDRB _473649 | खरगोन | उमरखली से धूलकोट मार्ग लम्बाई 27.20 कि.मी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य। | 665.69 | 665690/- | 20000/- | 05 माह वर्षाकाल सहित। |
| महायोग--- | | | 9701.23 लाख | | | | |

निविदा प्रपत्र उपरोक्त दर्शित वेबसाईट से निविदा का निर्धारित मूल्य ऑनलाईन भुगतान कर, क्रय किए जा सकते है । निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 23.01.2026 समय 17:30 तक निर्धारित है। निविदा की विस्तृत शर्तें एवं नियम उपरोक्त दर्शित पोर्टल पर देखी जा सकती है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, यदि हो तो उसे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाकर केवल वेबसाईट पर ही प्रदर्शित किया जाएगा । सभी दस्तावेज केवल ऑनलाईन वेबसाईट पर ही प्रस्तुत करें। भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज इस कार्यालय में न भेजें जाए ।

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि. इंदौर, परिक्षेत्र इंदौर

G24266/25